# 60 हितग्राही आवास आबंटन से हुए लाभान्वित

भिलाईनगर। शासन के मंशानुसार नागरिको को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है।

निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पुरे भारत में पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन कर रहे है। जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लिया जाता है। स्वीकृति पश्चात आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया है। आज निगम सभागार कक्ष में कुल 60 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकाला गया। लाटरी में जो ब्लाक और मकान नंबर लिखा होता है, उसे हितग्राही को आबंटित कर दिया जाता है। लाटरी में उपस्थित सभी हितग्राही मकान आबंटित होने पश्चात खुश होकर सरकार को धन्यवाद ज्ञाप्ति किये है। लाटरी के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, जी मोहन राव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



